पंचकुला में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने **पंचकुला में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की आधारशिला रखी।**

मुख्य बिंदु:

- **हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (HSVP) द्वारा पंचकुला के सेक्टर 32** में 30 एकड़ भूमि पर बनाई जाने वाली **इस परियोजना पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने की उम्मीद है।**
- प्रारंभिक चरण में 500 करोड़ रुपए का व्यय होगा, जिसमें 300 करोड़ रुपए का अतिरिक्त व्यय होने का अनुमान है। पूरी परियोजना **30 महीने के भीतर पूरी होने की उम्मीद है।**
- **भविष्य में राज्य में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 29** हो जाएगी और **MBBS सीटें 3,500 हो जाएंगी।**
    - विशिष्ट डॉक्टरों की आवश्यकता को पूरा करते हुए राज्य में **स्नातकोत्तर मेडिकल सीटों की संख्या 851 से बढ़कर 1,200 हो जाएगी।**
    - इन मेडिकल कॉलेजों के भीतर **पैरा-मेडिकल कॉलेज और फिजियोथेरेपी कॉलेज** भी स्थापित किये जाएंगे।
    - राज्य भर में मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहे हैं, जैसे-**कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण आयुर्वेद विश्वविद्यालय, प्राकृतिक उपचार के लिये पंचकुला में एक आयुष एम्स और कुटैल में कल्पना चावला स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/medical-college-and-hospital-in-panchkula